प्रादेशिक समाचार

- एनडीए के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री पद का कार्यभार संभाला–पीएम किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी की।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जम्मू–कश्मीर में तीर्थ यात्रियों की बस पर हुए हमले में मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना जताई – मृतकों में चार लोग जयपुर जिले के।
- राज्य की कई जेलों में कैदियों को मुख्य धारा से जोडने के प्रयास।
- प्रदेश में आज कई स्थानों पर मौसम में बदलाव से हल्की बारिश– ठण्डी हवाएं चलने से तापमान में गिरावट दर्ज।

000

एनडीए के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी ने आज तीसरी बार प्रधानमंत्री पद का कार्यभार संभालते ही किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी की। ये किस्त नौ करोड 30 लाख किसानों को लगभग बीस हजार करोड रुपये का लाभ पहुंचाएगी। श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार का पहला निर्णय, किसानों के कल्याण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आने वाले दिनों में उनकी सरकार, कृषि क्षेत्र और किसान कल्याण के लिए और प्रतिबद्धता से कार्य करेगी।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि श्री मोदी की सर्वोच्च प्राथमिकता हमेशा किसानों के कल्याण की रही है। श्री मोदी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद पहला कार्य 'पीएम किसान सम्मान निधि' की नई किस्त जारी करने का किया है। इसका लाभ राजस्थान में भी लाखों किसानों को मिलेगा। श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने कई ऐतिहासिक निर्णय लेकर देशभर के अन्नदाताओं को आर्थिक संबल दिया है। श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने किसान कल्याण के लिए महत्वपूर्ण और दूरगामी निर्णय लिए हैं। इसी क्रम में राज्य सरकार ने पीएम किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को दी जाने वाली वित्तीय सहायता को 6000 से बढ़ाकर 8000 रूपये प्रतिवर्ष किया है। साथ ही, गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 125 रूपए प्रति क्विंटल का अतिरिक्त बोनस देकर इसे 2400 रूपये किया गया है।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जम्मू–कश्मीर में तीर्थ यात्रियों की बस पर हुए हमले में मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मृतकों में चार लोग जयपुर जिले के हैं। उन्होंने हमले में घायल हुए लोगों के जल्द स्वस्थ होने की भी कामना की। श्री शर्मा ने अपने सोशल मीडिया संदेश में कहा कि राज्य सरकार इस कठिन समय में हमले में प्रभावितों के साथ पूरी प्रतिबद्धता के साथ खड़ी है।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज नई दिल्ली में 'राजस्थान हाउस' के पुनर्निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को पुनर्निर्माण कार्य में तेजी लाने और तय समय सीमा में काम पूरा करने के निर्देश दिये।

000

पंचायती राजमंत्री मदन दिलावर ने कहा है कि धरती पर तापमान लगातार बढता जा रहा है, जो सभी के लिये खतरे की घंटी है। श्री दिलावर ने आज जयपुर में गोविंददेवजी मंदिर प्रांगण में पर्यावरण और गौ संरक्षा पर संतों और श्री मद्भागवताचार्य विद्वानों के सम्मेलन का शुभारंभ करते हुए कहा कि पेड़ ही बढ़ते तापमान की समस्या से बचा सकते हैं। पंचायती राज मंत्री ने कहा कि संत और गुरुजन भी अपने प्रवचनों में अनुयायियों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने अमृता देवी के बलिदान को याद करते हुए पेड़ों के संरक्षण के लिये काम करने का आह्वान किया।

000

देश में आगामी एक जुलाई से तीन नये आपराधिक कानून लागू होने जा रहे हैं। उनमें समय की मांग के अनुसार नये प्रावधान शामिल किये गए हैं। इसी के बारे में जागरूकता के लिये आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से प्रादेशिक समाचार बुलेटिन में नई श्रृंखला चलाई जा रही है। आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि इन कानूनों में चिकित्सकों को अनावश्यक उत्पीड़न से बचाने के लिये क्या प्रावधान किये गये हैं :–

भारतीय न्याय संहिता, 2023 स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं को अनावश्यक उत्पीड़न से बचाने के लिये कानूनी ढांचा प्रदान करती है। संहिता निर्दिष्ट करती है कि एक पंजीकृत चिकित्सक को चिकित्सीय लापरवाही के लिये दो साल तक की कैद और जुर्माने से दण्डित किया जाएगा। किसी भी चिकित्सा प्रक्रिया को निष्पादित करते समय जल्दबाजी या लापरवाही से मौत का कारण बनने वाले चिकित्सकों के लिए बीएनएस कम सजा का प्रावधान करता है।

धारा 51 (3) के अनुसार चिकित्सक को बिना किसी देरी के आरोपी की जांच रिपोर्ट जांच अधिकारी को भेजनी होगी।

बलात्कार पीड़िता की मेडिकल जांच की रिपोर्ट पंजीकृत मेडिकल प्रैक्टिशनर को सात दिनों की अवधि के भीतर जांच अधिकारी को भेजनी होगी।
धारा 52 में नमूने के दूषित होने और उसकी उपयोगिता में कमी की संभावना को रोकने के लिए बिना किसी देरी के पहलू पर दृढता से जोर दिया गया है।

000

--------------------

प्रदेश में आज कई स्थानों पर एक बार फिर से मौसम में बदलाव से हल्की बारिश हुई। भरतपुर में सुबह तेज गर्मी रही। वहीं दोपहर होते–होते आसमान में काले बादल छाने लगे और देखते ही देखते तेज गडगडाहट के साथ बरसात शुरू हो गई। बरसात के साथ–साथ ठण्डी हवाएं चलने से मौसम खुशनुमा हो गया। बरसात से आमजन के साथ–साथ पशु–पक्षियों को भी गर्मी से राहत मिली। बरसात और ठण्डी हवा चलने से तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। डूंगरपुर जिले में भी आज शाम मौसम का मिजाज बदल गया। शाम को आंधी के बाद बारिश का दौर शुरू होने से दिनभर की गर्मी से लोगो को छुटकारा मिल गया।
बांसवाड़ा में आज सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे और कई जगह बरसात हुई। उधर झालावाड़ में भी दिनभर बादल छाने और हवा चलने से मौसम खुशनुमा हो गया। इस बीच मौसम विभाग ने आज कोटा, उदयपुर, जोधपुर और बीकानेर संभाग में कहीं–कहीं बारिश होने की संभावना जताई है। कल भी इन स्थानों पर ऐसा ही मौसम रहने के आसार हैं।

000

राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस के उपलक्ष में प्रदेशभर में आज से विभिन्न कार्यक्रमों की शुरूआत हुई। केकड़ी में पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार बंसल और पुलिस अधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पौध रोपण कर स्थापना दिवस कार्यक्रमों का शुभारंभ किया।
झुन्झुनू में जिला पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज वर्मा ने इस मौके पर यातायात प्रदर्शनी का शुभारम्भ किया। यातायात प्रदर्शनी के जरिये आमजन को यातायात नियमों और सुरक्षित परिवहन की जानकारी दी जा रही है।
साथ ही पुलिस दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ–साथ खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन होगा। पुलिस लाइन में विशाल प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

000

विश्व में जेलों की शुरूआत अपराधियों को सुधारने के उद्देश्य से हुई थी, लेकिन समय के साथ जेल केवल सजा काटने का स्थान बन कर रह गये हैं। वर्तमान में कई जेलों में कैदियों को सुधारने का मौका देकर उन्हें मुख्य धारा से जोडने के प्रयास किये जा रहे हैं। प्रदेश का झुंझुनूं जिला जेल ऐसा ही जेल बन गया है जहां शिक्षा के माध्यम से बंदियों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा हैं। जिला जेल में शिक्षा की अलख जगाते हुए निरक्षर बंदियों को साक्षर करने के प्रयास किए जा रहे हैं। जेल अधीक्षक प्रमोद सिंह ने बताया कि जेल में साक्षरता को लेकर विभिन्न नवाचार चलाए जा रहे हैं। अभियान का फायदा अब निरक्षर बंदियों को मिलने लगा है।

----------------------

000

सप्तशक्ति कमान की पर्वतारोही टीम ने उत्तराखंड में 8,936 फुट की ऊंचाई पर स्थित बुग्याल फाचू कंडी तक साहसिक और चुनौती पूर्ण ट्रैक को सफलता पूर्वक पूरा किया है। डॉट ऑन टारगेट डिवीजन की इस टीम में दो अधिकारी, दो जूनियर कमीशंड अधिकारी सहित कुल 14 लोग शामिल थे। इस कठिन यात्रा के दौरान, टीम ने हिमालय के दुर्गम इलाके में ट्रैकिंग करते हुए कुल 156 किलोमीटर की दूरी तय की और फाचू कंडी चोटी पर तिरंगा फहराया।
अभियान का उद्देश्य साहस की भावना, प्रकृति संरक्षण और पारिस्थितिक पर्यटन की जागरूकता को बढ़ावा देना था। टीम ने मोरी के सुदूर गांव में स्कूली छात्रों के लिए भारतीय सेना में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने क्षेत्र के पूर्व सैनिकों को राष्ट्र के प्रति उनकी सेवा के लिए सम्मानित किया और वृक्षारोपण अभियान चलाया। मोरी गांव के स्थानीय लोगों के लिए एक मैडिकल कैम्प भी इस दौरान आयोजित किया गया।

000

टोंक विधायक सचिन पायलट ने आज जिला मुख्यालय पर शहादत पवेलियन मे सवा करोड रूपये की लागत से नव निर्मित शहीद –स्मारक का उदघाटन किया । इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कि टोंक में निर्मित शहीद स्मारक जिले के शहीद हुये सैनिकों की कुर्बानी को याद दिलाता रहेगा । उन्होंने कहा कि इस स्मारक का उदघाटन उनके लिये गौरव और सौभाग्य की बात है। श्री पायलट ने हाजीपुर ग्राम पंचायत देवपुरा में अम्बेडकर भवन का लोकार्पण भी किया ।

000

झालावाड ज़िले में आज सिक्ख समाज के गुरु अर्जुनदेव की याद गुरुद्वारों में अखण्ड पाठ और विशेष शबद कीर्तन किये गए। कई जगहों पर उनकी याद में राहगीरों को छबील लगाकर शर्बत, और ठंडा जल पिलाया गया। झालरापाटन में श्रीगुरुद्वारा सिंह सभा के सदस्यों द्वारा संकीर्तन और गुरुग्रन्थ साहिब का पाठ किया गया। झालरापाटन, झलावाड और भवानीमंडी में भी इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित किये गये।

000

जयपुर हेरिटेज नगर निगम की स्वास्थ्य शाखा द्वारा 620 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त किया गया है। नगर निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा के निर्देश पर प्लास्टिक के गोदाम पर कार्रवाई की गयी है। उपायुक्त सोहन सिंह नरूका के नेतृत्व में बगरू वालों के रास्ते में भी कार्रवाई की गई, साथ ही 55 हजार रुपए का चालान काटा गया।

000

भारतीय डाक विभाग के पश्चिमी राजस्थान क्षेत्र में स्थित जिलों में डाक सेवाओं के उपभोक्ताओं के लिए क्षेत्रीय स्तर की डाक अदालत का आयोजन 25 जून को जोधपुर में किया जायेगा । यदि कोई उपभोक्ता डाक सेवाओं से संबंधित उनकी शिकायत के निराकरण के संबंध में डाक मंडल स्तर पर हुई कार्यवाही से संतुष्ट नहीं है तो वे अपनी शिकायत संक्षिप्त विवरण के साथ 19 जून तक क्षेत्रीय स्तर की डाक अदालत के लिये सहायक निदेशक डाक सेवाएँ, कार्यालय पोस्टमास्टर जनरल जोधपुर को भेज सकते हैं। इस डाक अदालत में जोधपुर, सिरोही, पाली, मारवाड़, जैसलमेर, नागौर, बाड़मेर, जालौर, चूरू, बीकानेर, श्रीगंगानगर और हनुमानगढ जिलों के उपभोक्ता अपनी शिकायतों के निपटारे के लिये आवेदन लगा सकते हैं।

000